दिन—सोमवार दिनांक— 28 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एस.आई.आर. अभियान को वापस लेने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक के लिए और फिर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर, राज्यसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक के लिए फिर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहले स्थगन के बाद जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस लेने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों पर फिर नारेबाजी शुरू कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें विपक्ष को अवश्य भाग लेना चाहिए।

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि नोटिस दिये बिना सूची से किसी मतदाता का नाम नहीं काटा जायेगा। आयोग ने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची से नाम हटाने से पहले निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदाताओं को नोटिस भेजेंगे। यदि मतदाता ईआरओ के निर्णय से असहमत होते हैं तो वे जिलाधिकारी और उसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं। इस बीच, आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सात करोड़ नवासी लाख मतदाताओं में से इक्यानवे दशमलव छह—नौ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। सत्यापन के दौरान लगभग बाईस लाख मतदाता मृत पाए गए हैं, सात लाख मतदाता एक से अधिक स्थानों पर नामांकित पाए गए और लगभग छत्तीस लाख मतदाता या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या उनका पता नहीं लगाया जा सका है। लगभग पैंसठ लाख मतदाताओं का नाम निर्वाचक सूची से कटने की संभावना है। विशेष पुनरीक्षण के आधार पर एक अगस्त को मतदाता सूची का

प्रारुप प्रकाशित किया जायेगा और एक सितंबर तक मतदाताओं और राजनीतिक दलों से दावा आपत्तियां ली जायेंगी।

———————————————————————————————————

राजधानी पटना समेत आस—पास के हिस्सों में कल देर रात तेज हवा के साथ मुसलाधार बारिश हुई। आज भी कभी तेज कभी हल्की बारिश जारी है। भारी वर्षा के चलते कई जगहों पर भीषण जलजमाव की स्थिति हो गयी है। तेज हवा के कारण कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। इससे जहां एक ओर आवागमन प्रभावित हुआ है, वहीं, बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। पटना जंक्शन पर रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने से कई ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। वहीं, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————————————————

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा—अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———————————————————————————————————

वैशाली में उनतीस जुलाई को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप का लोकार्पण होगा। इस लोकार्पण समारोह में करीब पन्द्रह देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

————————————————————————————————

समाप्त